हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार 22 जून 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री

4 बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित



## खबर संक्षेप

### सीएचओ गए हड़ताल पर, बिगड़ेगी सेवाएं

**बैकुण्ठपुर।** जिले के सभी सीएचओ (सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी) प्रेमाबाग स्थित धरना स्थल पर धरने पर बैठे हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित उप स्वास्थ्य केन्द्र पूरी तरह से बंद हो चुके हैं, इससे ग्रामीण स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे। विदित हो कि सीएचओ को मिलने वाली प्रोत्साहन राशि बैकुंठपुर विकासखंड़ में बीते 8 माह, सोनहत में 3 माह और बचरपोड़ी में 8 माह से पेंडिंग है। 18 जून से प्रदेशभर के सीएचओ ने ऑनलाइन रिपोर्टिंग का बहिष्कार किया, परंतु उनकी मांगों पर किसी तरह का विचार नहीं किया गया, इसके बाद अब उन्होंने अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। 21 जून को प्रदेशभर के सीएचओ अनिश्चित कालीन हड़ताल पर रहे। इनकी प्रमुख मांग है कि सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का लंबित कार्याधारित वेतन पीएलपी का भुगतान माह मई 2024 तक का पूर्ण किया जाए एवं अगामी माह से नियमानुसार प्रत्येक माह के 15 तारीख के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए। महिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के सुरक्षा को मद्देनजर उनके गृह जिले में स्थानांतरण देने के लिए छूट दी जाए एवं मुख्यालय निवास का दायरा 8 किमी के परिधि में निवास करने के लिए छूट दिया जाए आदि मांगे शामिल हैं।

### समझौते के आधार पर करें निराकरण

**बैकुण्ठपुर।** प्रधान जिला न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पाण्डेय ने 13 जुलाई को होने वाली नेशनल लोक अदालत में बैंक से संबंधित विवादों एवं विद्युत विभाग, टेलीफोन विभाग एवं मुख्य नगरपालिका से संबंधित विवादों को न्यायालय में पेश होने के पूर्व ही समझौतों के आधार पर निराकरण किए जाने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा -निर्देश दिए। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश भीष्म प्रसाद पाण्डेय ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से उनके विभाग से उत्पन्न होने वाले विवादों को लोक अदालत में पेश कर सुलह समझौता के आधार पर न्यायालय में पेश होने के पूर्व निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकों, विद्युत विभाग एवं नगर पालिका से मुकदमेबाजी के पूर्व मामलों को यथाशीघ्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के समक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

### योग सम्मान से नबाजी गईं शानू

**मनेन्द्रगढ़।** अंतरराष्टीय योग दिवस के अवसर पर युवा साइंटिस्ट एवं हर्बल उत्पाद एवं हरिद्वार उत्तराखंड़ में विश्व की विशिष्ट परियोजना



एनआरएलएम में कार्यरत शानू दिवाकर को स्व.संजय पोद्दार स्मृति योग सम्मान प्रदान किया गया। नपा के वार्ड नंबर 7 के पार्षद श्यामसुंदर पोद्दार से यह योग सम्मान शानू दिवाकर के परिजन ने प्राप्त किया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष दिनेश्वर मिश्रा, व्यवस्थापक महेन्द्र जैन, पतंजलि योगपीठ के वरिष्ठ योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय, प्राचार्य दिनेश मिश्रा, तेजस्विनी शाखा की पदाधिकारी रूपा पोद्दार, शिक्षिका नीलिमा श्रीवास्तव, पतंजलि योग समिति के योग साधक पंचकर्म चिकित्सक प्रिया विश्वकर्मा, पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी श्रीमती बलबीर कौर आदि उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षक सतीश उपाध्याय द्वारा स्थापित स्व. संजय पोद्दार स्मृति योग सम्मान, योग के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। वर्ष 2024 के लिए वार्ड क्रं. 10 मनेन्द्रगढ़ निवासी वैज्ञानिक शानू दिवाकर को पतंजलि भरवा एग्री साइंस एवं पेस्टिसाइड रेसिड्यू मैपिंग मशीन से विशिष्ट हर्बल उत्पाद एवं योग को वैश्विक स्तर पर पहुंचने के चयन किया गया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय आयोजन मिनी स्टेडियम में

# स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए नियमित रुप से करें योगः नेताम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- मंत्री, विधायक, कलेक्टर समेत कई लोग हुए शामिल

10 वां अंतरराष्टीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के रामानुज मिनी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में छग शासन में कृषि विकास और किसान कल्याण, अनुसूचित जनजाति विकास, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक विकास विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम शामिल हुए।

मुख्य अतिथि के साथ बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भईयालाल राजवाड़े भी योगाभ्यास में शामिल हुए। इस अवसर पर कलेक्टर, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक,अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं सहित आम नागरिकों ने योगा किया। छग शासन में कृषि विकास और किसान कल्याण, अनुसूचित जनजाति विकास, अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और



जिला स्तरीय आयोजन में शामिल प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम समेत अन्य।

अल्पसंख्यक विकास विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े ने छग महतारी के छायाचित्र पर मल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री श्री नेताम ने योगा दिवस के अवसर पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि आज हम सभी ने यहां योगाभ्यास किया है। इसी प्रकार दुनिया के सभी देशों में योगा दिवस के अवसर पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विश्व मंच पर हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग के माध्यम से विश्व को जोड़ने का काम किया है और लोगों को स्वस्थ्य रहने के साथ-साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ मन से ही स्वस्थ तन का विकास होता है। अतः हमे स्वस्थ रहने के लिए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करना होगा। विधायक भईयालाल राजवाड़े ने योग दिवस के अवसर पर अपनी एवं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की ओर से सभी बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए योग करना जरूरी है। स्वस्थ रहेंगे तो काम में मन लगेगा और मन को शांति मिलेगी। उन्होंने कहा योग मनुष्य को स्वस्थ बनाए रखता है, जो योगा करते वे शारीरिक और मानसिक रूप स्वस्थ रहते हैं। विधायक श्री राजवाड़े ने स्कूलों में एक पाठ योगा का भी रखने को कहा। इस अवसर जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, जनपद पंचायत बैकुंठपुर की अध्यक्ष श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो, कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, गणमान्य नागरिक केबी जायसवाल, शैलेश शिवहरे जिला स्तर के अधिकारी-कर्मचारी, स्कूल छात्र एवं आम नागरिक काफी संख्या में उपस्थित रहें। इस अवसर पर जिला प्रशासन की ओर मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों को चंदन एवं परिजात पौधा वितरण किया गया।

## प्रेस भवन प्रेमाबाग में किया योग



दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिले में विभिन्न स्थानों पर सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया। इसी के तहत जिला मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 17 प्रेमाबाग में स्थित नवनिर्मित प्रेस भवन में पहली बार योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर योग शिक्षक के रुप में वैद्य अरुण शुक्ला मौजूद रहे। सर्व प्रथम श्री शुक्ला ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग हमारे भारत देश के प्राचीन सभ्यता, संस्कृति से जुड़ा है, हमारे ऋषि मुनियों ने योग किया है। आज भारत ही नहीं पूरा विश्व योग कर रहा है। हम अगर प्रतिदिन योग करें तो निश्चित रूप से स्वस्थ्य रह सकते है, इसलिए स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के लिए योग अवश्य करें। इस दौरान प्रेस काउंसिल ऑफ कोरिया के अध्यक्ष प्रवीन्द सिंह, संरक्षक चन्द्रकांत पारगिर, सचिव योगेश चन्द्रा, उपाध्यक्ष राजेश राज गुप्ता, संयुक्त सचिव दीपक सिंह चौहान, विशाल सिंह, डॉ. अशोक मिंज, पीताम्बर सिंह, आकृति सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## एसईसीएल के अफसरों ने किया योग



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एसईसील बैकुंठपुर क्षेत्र स्थित गौतम सदन में 21 जून को क्षेत्रीय महाप्रबंधक बीएन झा की अध्यक्षता एवं प्रशिक्षित योग गुरू केके गुप्ता के सानिध्य में संपन्न हुआ। करीब 1 घंटे चले प्रशिक्षण योग शिविर में योग गुरू केके गुप्ता ने अधिकारी-कर्मचारियों, महिलाओं को योग एवं प्राणायाम के हमारे लंबी आयु एवं स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक बताए। प्रशिक्षण शिविर में एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के समस्त विभागाध्यक्ष, अधिकारी एवं महिला कर्मचारियों ने भी भाग लेकर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय महाप्रबंधक श्री झा ने कहा कि योग शिविर का आयोजन, माध्यम, ध्यान एवं योग दोनों कराए जाने से अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी और साथ ही साथ स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन प्राप्त होगा। कार्यक्रम के अंत में योग गुरू श्री गुप्ता ने आभार व्यक्त किया गया। प्रशिक्षण शिविर के सफल आयोजन में गौरव दुबे प्रबंधक (कार्मिक) एवं अतुल गुप्ता कार्यालय अधीक्षक का सहयोग रहा।

## पुलिस के जवानों ने किया योगाभ्यास



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देश पर जिले के सभी थाना, चौकी एवं पुलिस रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में शुक्रवार को सुबह 6 बजे योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कोरिया जिले के पुलिस जवानों द्वारा योगाभ्यास किया गया। रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में रक्षित निरीक्षक विपुल आनंद जांगड़े, थाना सोनहत में निरीक्षक हेमंत अग्रवाल, थाना पटना में उप निरीक्षक अनिल सोनवानी, थाना अजाक में उप निरीक्षक बीरबल राजवाड़े, चौकी बचरापोड़ी में राजेश तिवारी, थाना चरचा में सहायक उप निरीक्षक बालेश्वर महानंदी एवं थाना बैकुंठपुर में प्रधान आरक्षक राजीव महेश ने योगाभ्यास कराया। फोर्स को संबोधित करते हुए एसपी ने बताया कि आंतरिक सामंजस्य एवं शांति के लिए योग आवश्यक है। योग, शारीरिक स्वास्थ्य, स्नायु तंत्र एवं अस्थि तंत्र को सुचारू रूप से कार्य करने एवं हृदय धमनियों के विकारों को कम करने में सहायक है।

## नपा परिसर में मना विश्व योग दिवस



**चरचा कॉलरी।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका शिवपुर चरचा के नपा परिसर सामूहिक योग का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही विभिन्न स्थानों पर भी सामूहिक योग प्रदर्शन किया गया। 10 वें अंतरराष्टीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेश सिंह,उप अभियंता आलोक चक्रधारी सहित नपा कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि पहुंच प्रातः 6:30 बजे अंतरराष्टीय योग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सामूहिक योग कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं सभी लोगों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास एवं प्राणायाम कर नियमित योग के लिए प्रेरित करते हुए सभी को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। योग अपने शरीर को स्वस्थ रखने का सबसे अच्छा माध्यम है। योग से नई शक्ति का संचार होता है, इससे कार्यक्षमता बढ़ती है। योग शिविर में जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली बच्चों के इस समारोह में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

## अमृत सरोवरों के तट पर योग



**बैकुण्ठपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर कोरिया जिले में शहर से लेकर गांव तक योग का उल्लास अभूतपूर्व रहा। विश्व योग दिवस के अवसर पर कोरिया जिले के सभी ग्राम पंचायतों में और विशेषकर अमृत सरोवरों के तट पर योग किया गया। इस योग अभ्यास के लिए सभी ग्राम पंचायतों में निर्देश जारी किए गए थे जिसके परिपालन में कोरिया जिले के सभी ग्राम पंचायतों और 54 अमृत सरोवरों के तट पर ग्रामीणों और पंजीकृत मनरेगा श्रमिकों ने बच्चों के साथ मिलकर योग के सामान्य आसनों का अभ्यास किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि पर्यावरण के बिगड़ते संतुलन के कारण अब ग्रामीण परिवेश भी अस्वस्थ होने लगा है। इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में समस्त ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वस्थ जीवन के लिए योग के सामान्य आसनों का अभ्यास ग्रामीणों के द्वारा किया गया।

## नर्सिंग के विद्यार्थियों ने किया योगाभ्यास



विश्व योग दिवस के अवसर पर न्यू लाईफ हेल्थ एंड एजुकेशन सोसाइटी के द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टीटयूट ऑफ नर्सिंग के बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा कॉलेज परिसर में विश्व योग दिवस का आयोजन किया गया। इसमें नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने योग प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस वर्ष का थीम है स्वयं और समाज के लिए योग जिसका अर्थ है, स्वयं को अभ्यास आपको यह एहसास कराकर आत्मप्रेम और आत्म देखभाल को बढ़ावा देने में मदद् करता है, योग के पारंपरिक अभ्यास से आप जितना गहराई से उतरेंगें उतना ही आप सार स्तर पर खुद को स्वीकार करने और प्यार करने के लिए निर्देषित होंगे। योग एक सदियों पुरानी कला है। अस अवसर पर न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर में बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने श्रीमती लुकेश साहू, मिस लक्ष्मी साहू, मिस सौम्या मेहता के मार्गदर्शन में प्राचार्य डॉ. अंजना सैम्यूल की उपस्थिति में योगाभ्यास किया।

## केबी पटेल कालेज में मना योग दिवस



केबी पटेल महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मानने के लिए महाविद्यालय में योग गुरू जो छग योग आयोग के जिला प्रभारी के रूप में अरूण वर्मा एवं उनके सहयोगी के रूप में अमृता वर्मा, प्रत्यूस एवं अनुराग की गरिमामय उपस्थित रही। योग गुरू द्वारा सभी विद्यार्थियों, शिक्षक ,कर्मचारियों को योग के आसन सिखाए और योग के फायदे को भी विस्तारपूर्वक समझाया गया। योग समाप्ति के पश्चात आए हुए योग गुरू का महाविद्यालय के डायरेक्टर विश्वजीत बारिक ने आभार व्यक्त किया साथ ही सभी बच्चों को नियमित योग करने की सलाह भी दी। महाविद्यालय की शिक्षा विभाग की प्राचार्य श्रीमती मंजूलता कश्यप ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि योग से न केवल हमारी सेहत अच्छी रहती है, बल्कि मन और दिमाग भी स्थिर रहता है । महविद्यालय के नर्सिंग विभाग की प्राचार्या श्रीमती प्रियांशु रॉय ने भी सभी को नियमित योग करने की सलाह दी।

## देश का प्राचीन विज्ञान योग है, इसे नियमित करना चाहिएः रेणुका



योग करती विधायक रेणुका व अन्य।

**मनेन्द्रगढ़।** जिले में 10 वां अंतर राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रांगण मनेन्द्रगढ़ में समाज कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री व विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह ने जिलेवासियों के साथ योग किया। दसवें अंतरराष्टीय योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती सिंह ने सामूहिक योग कार्यक्रम में बच्चों, युवाओं सभी लोगों का उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार के आसनों का अभ्यास एवं प्राणायाम कर नियमित योग के लिए प्रेरित करते हुए सभी को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस वर्ष महिला सशक्तिकरण के लिए योग की थीम पर सभी लोगों ने उत्साह एवं नई ऊर्जा के साथ योग किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती सिंह ने सभी योग प्रशिक्षकों विश्वजीत पटेल, सुश्री विनिता अग्रवाल, विवेक तिवारी, संजय सेन तथा भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लखनलाल श्रीवास्तव, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव, नगर पंचायत नई लेदरी अध्यक्ष सरोज यादव, रामचरित द्विवेदी, राहुल सिंह, सुरेश सोनी समेत जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रदेशवासियों के जिलेवासियों को अंतरराष्टीय योग दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग करना चाहिए, योग के फायदे की वजह से इसे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में पहचान मिली है। योग को सही मायने में सारी सीमाओं से ऊपर उठाकर अंतरराष्टीय स्तर पर ले जाने का काम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया है। श्रीमती सिंह ने योग दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 11 दिसंबर 2014 को अमेरिका मं स्थित संयुक्त राष्ट महासभा में अंतरराष्टीय योग दिवस के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद सर्वप्रथम इसे 21 जून 2015 को पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस इंटरनेशनल डे ऑफ योगा के नाम से मनाया गया। तब से प्रत्येक वर्ष हम योगा दिवस मनाते आ रहे हैं। योगः कर्मसु कौशलम अर्थात योग से आती है हमारे कर्मों में कुशलता और हम बन जाते हैं आत्मनिर्भर। योग न केवल हमारा स्वाभिमान बढ़ाता है बल्कि उपयोगी व आत्मनिर्भर बनाकर हमें स्वावलंबन की सनातन परंपरा से भी जोड़ता है। तभी तो कहा गया है कि योग कर्मसु कौशलम अर्थात कर्मों की कुशलता ही योग है। योग शिक्षकों ने प्रार्थना, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, भ्रदासन, वज्रासन, सेतु बंध आसन, योग निद्रासन, मकरासन जैसे अन्य योग भ्रामरी प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केन्द्र अर्पिदा दत्ता तथा 9 वर्ष की दिव्यांग वर्षा मिश्रा रहीं। इन दोनों बच्चियों ने योगासन के विभिन्न आसन कर सबको उत्साहित कर दिया। बिलासपुर की अर्पिता दत्ता राज्यपाल के हाथों योगा गोल्ड मेडल से सम्मानित हैं। कार्यक्रम का संचालन संजय श्रीवास्तव व जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा ने आभार व्यक्त किया।

### कलेक्टर-एसपी शामिल नहीं होने पर भड़की विधायक

योग शिविर के दौरान कलेक्टर-एसपी के नहीं रहने से विधायक रेणुका सिंह भड़क गई। विधायक का कहना है कि जरूरी नहीं की मंत्री ही आए तब शासन के कार्यक्रम में कलेक्टर और एसपी मौजूद हो, शासन का कार्यक्रम है मैं भी विधायक हूं, कलेक्टर, एसपी को कार्यक्रम में शामिल होना चाहिए था। दरअसल एमसीबी जिले के जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़ में विश्व योग दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भरतपुर-सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह बतौर मुख्य अतिथि पहुंची थी, लेकिन शासन के इस कार्यक्रम में कलेक्टर डी. राहुल वेंकट व एसपी चंद्रमोहन सिंह की गैर मौजूदगी से पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं विधायक श्रीमती रेणुका सिंह नाराज दिखी। रेणुका सिंह ने अपने तल्ख अंदाज में कहा कि जरूरी नहीं की शासन के कार्यक्रम में मंत्री आए तभी कलेक्टर, एसपी मौजूद हों।

## खोंगापानी में योग शिविर



**मनेन्द्रगढ़।** नगर पंचायत खोंगापानी में 10 वे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल होकर नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेन्द्र विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष,( हसदेव) विनोद गुप्ता समेत उपस्थितजन ने योग किया। इस दौरान योगाचार्य संजय अग्रवाल ने उपस्थितजन को योग के विविध आसन करवाएं। इस मौके पर अधिकारी-कर्मचारी, वरिष्ठ पदाधिकारी, नेतागण, कार्यकर्ता और आमजन उपस्थित रहे।

## बढ़ती महंगाई से बिगड़ रहा घर का बजट

# सब्जियों के दाम आसमान पर, 500 में नहीं भर रहा थैला



सब्जी बाजार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

हाल के दिनों में चारों तरफ पेट्रोल-डीजल की महंगाई को लेकर शोर मचा हुआ है। आम आदमी से लेकर विपक्षी पार्टियां भी पेट्रोल-डीजल के आसमान छूति कीमतों को लेकर केन्द्र की सरकार को घेर रही है। भारत के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब पेट्रोल-डीजल का दाम 100 रूपए के पार पहुंच गया है।

एक ओर जहां आम आदमी सड़क पर महंगाई से जूझ रहा है तो वहीं दूसरी ओर उसके किचन का महंगा बजट भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पिछले तीन साल में खाने-पीने की घरेलू चीजों के दाम में जोरदार बढ़ोतरी देखने को मिली है। मौसम में बदलाव के साथ ही अब सब्जियों की आवक भी कम होने लगी है, इसके चलते अब हरी सब्जियों के दाम एक बार फिर से व्यापारियों के अलावा आसपास के गांवों से सब्जियों की आवक होती है तो सब्जियों के दाम कम रहते हैं। जब आवक कम हो जाती है तो सब्जियों के दाम बढ़ जाते हैं। ग्रामीण अंचलों से सब्जी की आवक कम होने के चलते अब सब्जियों के दाम में बढ़ोतरी देखी जा रही है। सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि सब्जी की आवक जब तक नहीं बढ़ेगी तब तक कीमत में कमी नहीं होगी। सब्जियों के दाम बढ़ने से लोगों को जेब ढीली करनी पड़ रही है। करेला, भिंडी, फूल गोभी, बैगन सहित अन्य हरी सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। स्थिति ऐसी है कि 500 रूपए में छोटा झोला भी नहीं भर रहा है। बढ़ती महंगाई ने लोगों का बजट बिगाड़ दिया है। थाली से हरी सब्जी गायब होने लगी है। लोग किलो की जगह पाव से ही काम चला रहे हैं। एकाएक बढ़े सब्जियों के दामों ने खाने का जायका कम कर दिया है। मध्यम व गरीब तबके के लोगों पर इसका असर सबसे ज्यादा पड़ रहा है। हरी और मौसमी सब्जियों के भाव पिछले दिनों की अपेक्षा 20-30 रुपए प्रति किलो तक बढ़ गए हैं। आलम यह है कि बाजार में बाहर से सब्जी पहुंच नहीं पा रही है, सब्जियों की आवक कम होने से सब्जी विक्रेता भी परेशान दिख रहे हैं। पहले ही टमाटर के बढ़े दाम से गृहिणी परेशान थीं, इसके बाद कुछ दिनों के अंदर सब्जियों के दाम ज्यादा बढ़ गए, जिससे लोगों का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया है।

### ये हैं सब्जियों के ताजा भाव

टमाटर 70 रूपए किलो, भिंडी 50 रूपए किलो, लौकी 40 रूपए किलो, बरबटी 40 रूपए, भाटा 60 रूपए, नींबू 30 रूपए किलो, आलू 25 रूपए किलो, कद्दू 25 रूपए किलो, लहसून 200 रूपए किलो, प्याज 30 रूपए किलो, गाजर 40 रूपए किलो, फूलगोभी 80 रूपए किलो, शिमला मिर्च 60 रूपए किलो, हरी मिर्च 150 रूपए किलो के भाव से बिक रहा है। वहीं फलों के दाम में भी काफी इजाफा होने लगा है। केला 60-70 रूपए दर्जन के हिसाब से बिक रहा है। सेब अलग-अलग साइज के हिसाब से जिसकी कीमत 150-260 रूपए किलो तक बिक रहा है। मौसमी की कीमत भी 100 रूपए किलो है, तो आम दशहरी 100 रूपए में ड़ेढ किलो बिक रहा है।

### रंजिश को लेकर चाकूबाजी भाजपा कार्यकर्ता पर हमला

**भटगांव।** पुरानी रंजिश को लेकर युवक ने भाजपा कार्यकर्ता पर चाकू से हमला कर दिया। इस घटना में गंभीर रूप से घायल युवक का उपचार अस्पताल में जारी है। चाकूबाजी की घटना से क्षेत्र में दहशत फैल गई। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम डुमरिया निवासी संजय यादव का गांव के रामखेलावन यादव से पुराना विवाद चल रहा है। संजय यादव की मां रनिया बाई ने पुलिस को बताया कि संजय यादव द्वारा विगत दो तीन सप्ताह से घर बनाने के लिए मिट्टी का दीवाल उठा रहा था। 19 जून की शाम महिला अपने दोनों नातियों को लेकर घर के समीप मौजूद दुकान से सामान लेने गई हुई थी। इस दौरान महिला दुकान में मौजूद लोगों से बातचीत कर रही थी जबकि उसका बेटा अपने घर की दीवार उठाने का काम कर रहा था। इसी दौरान रामखेलावन यादव मौके पर पहुंचा और महिला के साथ गाली गलौज करने लगा। विवाद सुनकर महिला का पुत्र संजय यादव दुकान के पास आया और उसने रामखेलावन को गाली गलौज करने से मना किया तो आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे चाकू से संजय यादव के पेट पर चाकू से वार कर दिया और मौके से फरार हो गया।

21-Jun- Jash-RAG-CORIYA-Bhoomi pg-2_Layout 1 6/21/2024 7:42 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### नगरीय क्षेत्र का कलेक्टर ने किया निरीक्षण, दिए साफ-सफ़ाई के निर्देश

**सूरजपुर।** बुधवार को कलेक्टर रोहित व्यास ने नगरीय क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। नगरीय निकाय के संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में उन्होंने जिले के महत्वपूर्ण स्थानों का एक-एक कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था पर विशेष रूप से फोकस करने की बात कही। कलेक्टर रोहित व्यास ने नगर पालिका परिषद सीएमओ को सफाई प्रबंधन पुख्ता करने के लिए, सफाई कर्मचारियों के रोटेशन निर्धारित करने के निर्देश दिए। साथ ही नियमित रूप से सफाई का कार्य किए जा रहे या नहीं इसकी नियमित मॉनिटरिंग करने की बात कही। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के ड्यूटी ऑर्डर की सूची निर्मित कर इसे शक्ति के साथ लागू करने के निर्देश अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने क्रमवार नगर पालिका जिम, नेहरू पार्क, बड़कापारा बाजार, पुराना बस स्टैंड, एसएलआरएम सेंटर, कृष्ण कुंज व चम्बोती तालाब, बड़ा तालाब, दुल्ही तालाब का निरीक्षण किया। सबसे पहले नगर पालिका जिम का निरीक्षण किया गया जहां उन्होंने जिम के प्रबंधन को बेहतर करने एवं वहां सीसीटीवी कैमरा और क्रॉस वेंटिलेशन की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी तालाबों में सफ़ाई के लिए भी नगर पालिका परिषद की सीएमओ को निर्देशित किया।

### अस्पताल की व्यवस्था सुधारने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के संयोजक कैलाश मिश्रा ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंप मेडिकल कॉलेज अस्पताल की अव्यवस्था से अवगत करा ऑपरेशन की व्यवस्था में सुधार करने की मांग की श्री मिश्रा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में तत्काल ऑपरेशन की जरूरत वाले मरीजों को एक सप्ताह तक दर्द से कराहने के बाद ऑपरेशन की सुविधा मिलती है। ऐसा शल्य चिकित्सकों की त्रुटिपूर्ण ड्यूटी रोस्टर के कारण होता है जो अस्पताल प्रबंधन के निजी चिकित्सालयों के मिलीभगत को प्रदर्शित करता है। ओटी कक्ष की कमी बताकर मरीजों का ऑपरेशन रोक दिया जाता है जिससे मजबूर होकर मरीजों को निजी चिकित्सालयों का सहारा लेना पड़ता है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल की हालत ऐसी है कि शनिवार को हड्डी टूटने वाले मरीज का ऑपरेशन आगामी सप्ताह में शुक्रवार के दिन किया जाता है तथा मरीज एक सप्ताह तक दर्द से छटपटाता रहता है। चिकित्सालय प्रबंधन का यह कृत्य मानवता का शर्मसार करने वाला है तथा प्रबंधन की लापरवाही के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ गरीब लोगों को नहीं मिल रहा है। उन्होंने कलेक्टर से अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की मांग की है।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा कल को पर्यवेक्षक नियुक्त

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ व्यापम रायपुर द्वारा 23 जून को दो पालियों में छग शिक्षक पात्रता ( टेट 24) दो पालियों में आयोजित की गई है। परीक्षा प्रथम पाली पूर्वान्ह 10 बजे से 12.15 तक केन्द्र क्रमांक 1101 से 1127 तक कुल 27 परीक्षा केन्द्रों में एवं द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से 4.15 बजे तक केन्द्र क्रमांक 1101 से 1151 तक कुल 51 परीक्षा केन्द्रों में तथा पीपीटी प्रवेश परीक्षा पूर्वान्ह 9 बजे से 12.15 बजे तक केन्द्र क्रमांक 1128 से 1132 तक कुल 5 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा से संबंधित कार्यों के सुचारू रूप से संचालन एवं पर्यवेक्षण कार्य हेतु पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। नियुक्त किए गए पर्यवेक्षक परीक्षा की गोपनीय सामग्री डिप्टी कलेक्टर एवं नोडल अधिकारी बनसिंह नेताम से प्रथम पाली प्रातः 7.30 बजे एवं द्वितीय पाली 12 बजे तक प्राप्त करेंगे तथा परीक्षा प्रारंभ होने के 1 घण्टा पूर्व संबंधित केन्द्राध्यक्ष को सौंपेंगे। परीक्षा समाप्ति के पश्चात केन्द्राध्यक्ष के साथ गोपनीय सामग्री की सील बंद बॉक्स को-ऑर्डिनेटर या प्राचार्य राजीव गांधी शासकीय पीजी कॉलेज अंबिकापुर के पास जमा कराएंगे।

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की गई जान

**अम्बिकापुर।** दशहरा कार्यक्रम देखने जा रहे बाइक से घर लौट रहे युवकों को विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए एक युवक की निजी अस्पताल में जबकि दूसरे युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। चिखलाडीह निवासी संजू कुमार सिंह आ. अनिरूद्ध कुमार सिंह (20 वर्ष) बुधवार की शाम पड़ोसी अरुण चेरवा आ. बिगन चेरवा (16 वर्ष) के साथ बाइक से ग्राम मेण्ड्रा में दशहरा कार्यक्रम देखने जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार महर्षि विद्यालय के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की जानकारी लगने पर अरुण के परिजन ने घायल को निजी अस्पताल में जबकि संजू के परिजन ने घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### कोयला कर्मियों के लिए सीआईएल ने लांच की ट्रान्सफर स्कीम

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया की गत दिवस संपन्न हुई बोर्ड मीटिंग में प्रबंधन ने अपने कोयला कर्मचारियों के लिए नई ट्रांसफर पॉलिसी की घोषणा की है इस स्कीम के तहत एक कंपनी से दूसरी कंपनी में तबादले पर सम्बंधित कर्मी को कंपनी एक लाख का इंसेंटिव देगी(कोल इंडिया बोर्ड की 466 मीटिंग में इसकी नई स्कीम की घोषणा की गई और 19 जून को इसे लागू किए जाने का आदेश भी जारी किया गया। इस स्कीम के तहत सरप्लस मैन पॉवर के एक कंपनी से दूसरी कंपनी में ट्रांसफर पर सम्बंधित कर्मचारी को एक लाख रुपये का इंसेंटिव दिए जाने का प्रावधान किया है,उक्त राशि कोलकर्मी को एकमुश्त दी जाएगी। इस स्कीम में सीआईएल ने नियम शर्त रखी है कि इस योजना का लाभ नियमित कामगारों को मिलेगा जिनकी कम्पनी में ड्यूटी सेवा पांच वर्ष से अधिक बची है।

---

देर रात पुलिस ने दोनों आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ा

# शिवनंदनपुर कंपोज़िट शराब दुकान में तैनात गार्ड कर रहे थे मिलावटखोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

शिवनंदनपुर कंपोज़िट दुकान में तैनात दो गार्ड अंग्रेज़ी शराब में मिलावट खोरी करके ब्रांडेड कंपनी के नाम पर नकली अंग्रेजी शराब तैयार कर रहे थे,बुधवार की देर रात बिश्रामपुर पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार करते हुए सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है। हालांकि मामले में कार्यवाही पर सवाल खड़े करके बड़े गुर्गों को बचाए जाने का आरोप लोगों द्वारा लगाया जा रहा है।

**खास बातें**

- मौक़े से स्पिरिट, पानी व खाली शराब की बोतलें, ब्रांडेड शराब के नए ढक्कन हुए जब्त
- आबकारी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज, सूरजपुर न्यायालय किए गए पेश

बिश्रामपुर पुलिस ने बताया कि कंपोज़िट शराब दुकान शिवनंदनपुर के दो सुरक्षा कर्मी क्रमशः करंजी चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत सुदामानगर निवासी 32 वर्षीय देवकरण पिता लालजी सिंह व ग्राम पंचायत केशवनगर 25 वर्षीय विवेक उर्फ विशाल पिता बृजकुमार रवि द्वारा बुधवार की देर रात शराब दुकान के पीछे स्थित गार्ड रूम के पास ब्रांडेड कंपनी की अंग्रेजी शराब में मिलावट खोरी कर नक़ली शराब तैयार कर रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर बिश्रामपुर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर अंग्रेजी शराब में मिलावट खोरी करते हुए दोनों सुरक्षा कर्मियों को रंगे हाथों पकड़ लिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त सामान।

**गुरुवार को दोपहर में देर से खुली शराब दुकान**

पुलिस द्वारा दो गार्डों को अंग्रेजी शराब में मिलावट खोरी करते पकड़े जाने उपरांत गुरुवार को यहां शराब दुकान दोपहर में आबकारी विभाग के कर्मचारियों की उपस्थिति में खोली गई। यहां पर लंबे समय से आबकारी विभाग के नाक के नीचे अंग्रेजी शराब में मिलावट खोरी करके शराब बिक्री करने का सिलसिला चल रहा है। दूसरी तरफ़ सूरजपुर आबकारी विभाग दुकान संचालन की ज़िम्मेदारी प्राइवेट कम्पनी कर्मचारियों द्वारा करने की बात कहकर अपना पल्ला झाड़ ले रहा है,गौरतलब है कि सूरजपुर ज़िले की अधिकतम शराब दुकानों का संचालन ऑल सर्विसेस नामक प्राइवेट कम्पनी अपने कर्मचारियों के माध्यम से करती है,स्थानीय लोगों का आरोप यह भी है कि बड़े पैमाने में नक़ली शराब बनाने का धंधा लम्बे समय से फलफुल रहा है,इसमें मुख्य आरोपियों को बचाया जा रहा है,मिलावटखोरी के इस धंधे में एक बड़ा गिरोह शामिल है जिसमें संचालन करने वाली प्राईवेट कम्पनी के कर्मचारी व अधिकारी भी शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि आरोपियों द्वारा स्पिरिट व पानी को अंग्रेजी शराब में मिलाकर मिलावट खोरी करके मात्रा बढ़ाई जा रही थी। पुलिस ने यहां पर आरोपियों के कब्जे से एक चाय छन्नी, एक कुप्पी, दस लीटर पानी की टंकी में पानी व दस लीटर पानी टंकी में अंग्रेजी शराब, मकडोवेल नंबर वन के 750 एमएल की चार पुरानी बोतल में अंग्रेजी शराब भरा हुआ, नौ नग पुरानी खाली बोतल, बीस नग रॉयल चैलेंज कंपनी की 180 एमएल की खाली बोतल, 50 नग रॉयल चैलेंज कंपनी की नई ढक्कन, 40 नग मेकडोवेल कंपनी की नई ढक्कन बरामद की गई है। पुलिस द्वारा मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2), 38 (क), 49 (क), 59 (क) के तहत कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को न्यायालय पेश कर दिया है। दोनों आरोपियों द्वारा उक्त मिलावट खोरी की अंग्रेजी शराब को ग्रामीण इलाकों में खपाए जाने की बात स्वीकारी गई है।

**लोगों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़**

शिवनंदनपुर कंपोजिट शराब दुकान में तैनात दो गार्ड के पास से बड़ी मात्रा में स्पिरिट मिली है,उनके द्वारा तैयार की गई नक़ली शराब को ग्रामीण क्षेत्रों में खपाने की बात स्वीकारी गई है, अधिक लाभ कमाने के उद्देश्य से खपाई गई बड़ी मात्रा में नक़ली शराब के सेवन करने से ग्रामीणों समेत क्षेत्र के लोगों का स्वास्थ्य ख़तरे में है,लापरवाही बरतने में कभी भी भारी जनहानि हो सकती है। बिहार प्रांत में कई ऐसी घटनाएँ हो चुकी हैं जिसमें दर्जनों ग्रामीणों की जान जा चुकी है,सूरजपुर आबकारी विभाग मामले को गम्भीरता से नहीं ले रहा है,बताया गया कि कंपोज़िट दुकान में लगे चार कैमरे ख़राब बताए गए हैं जबकि कुछ समय पहले ही विभाग द्वारा नए कैमरे ख़रीदकर अलग अलग जगहों पर लगवाए गए थे। नए लगे कैमरे का ख़राब होना संचालन कर्मचारियों की कार्यशैली पर संदेह को दर्शाता है।

---



## दतिमा चौक में अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोज़र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

दतिमा चौक के पास सड़क किनारे व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को बढ़ाकर किए गए अतिक्रमण को सूरजपुर कलेक्टर के निर्देश पर गुरुवार को जेसीबी से हटा दिया गया। अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे कार्यवाही से क्षेत्र में दिनभर हड़कंप मचा रहा।

गौरतलब है कि बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर स्थित दतिमा चौक के पास लोग लंबे अरसे से कुछ ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था जिस वजह से आएदिन यहां पर छोटी बड़ी सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही थी। इसी के मद्देनजर ग्राम पंचायत दतिमा द्वारा पिछले दिनों सूरजपुर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की गई थी। कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देश पर गुरुवार को सुरजपुर एसडीएम जगन्नाथ वर्मा, सुरजपुर तहसीलदार समीर शर्मा, एएसपी संतोष महतो, सीएसपी एसएस पैकरा दलबल के साथ मौके पर पहुंचकर दतिमा चौक के पास अवैध रूप से दुकानों को शासकीय भूमि पर बढ़कर अतिक्रमण किए गए नौ लोग क्रमशः अख़्तर पिता स्व.सुलेमान, रवि पिता सेमलाल, उमाशंकर पिता नीलकंठ, दुलारी बेवा राजाराम, गुड्डा पिता स्व.नानहु, मो.रफी पिता सहाबुद्दीन, नवरंतक पिता स्व.गुलाब, बलराम पिता दुखनाथ, गुलजार पिता सहाबुद्दीन के चौक के पास स्थित अतिक्रमण को हटाया गया है। इसी तरह पटवारी कार्यालय के पास तीन अवैध अतिक्रमण को हटाया गया है। यहां पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे कार्यवाही के दौरान एक स्ट्रीट लाइट व एक सूचना पटल को भी हटवाया गया है।

ज्ञात हो कि दतिमा चौक के पास किए अवैध अतिक्रमण की वजह से सड़क के चारों तरफ़ काफ़ी कम जगह रहती थी। यहां पर अतिक्रमण के खिलाफ किए जा रहे कार्यवाही के दौरान अवैध कब्जा धारियों से अधिकारियों के बीच कहा सुनी भी हुई,इसके बावजूद बेदख़ली कार्यवाही लगातार जारी रही। बताया गया कि उक्त कार्यवाही होने के पूर्व तहसीलदार द्वारा अवैध अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी करके अपना बेजा कब्जा स्वयं हटा लेने के निर्देश दिए गए थे, इसके बाद भी अवैध कब्जा को नहीं हटाए जाने के फलस्वरूप गुरुवार को जेसीबी से अवैध कब्जा हटाए जाने की कार्यवाही अधिकारियों द्वारा की गई है।इस जगह पर पिछले दिनों बाल कटवाने सेलून आए एक युवक की ट्राला वाहन की चपेट में आने से मौत भी हो चुकी है।

---

## जांच में 5 बसों के दस्तावेज मिले अधूरे, जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

बलरामपुर जिले में पुलिस प्रशासन व आरटीओ द्वारा बसों की जांच हेतु अभियान चलाया गया। यह अभियान आगामी 22 जून तक जारी रहेगा। अभियान के तहत पहले दिन 30 बसों की जांच की गई। जांच के दौरान 5 बसों के दस्तावेज अधूरे पाए जाने पर 14 हजार 300 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

- पुलिस ने बसों की फिटनेस जांच का चलाया अभियान



बता दें कि एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा यात्रियों की सुरक्षा व सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र से होकर गुजरने वाली यात्री बसों की जांच के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा 20 से 22 जून तक बसों की जांच का अभियान चलाया गया है। अभियान के तहत पहले दिन सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक की गई जांच के दौरान बलरामपुर बस स्टैंड में कैम्प लगाकर 30 बसों के परमिट, इंश्योरेंस, फिटनेस सर्टिफिकेट, प्रदूषण सर्टिफिकेट, स्पीड गवर्नर सर्टिफिकेट, रेडियम स्टीकर, सीसीटीवी कैमरा, हेडलाइट हॉर्न एवं अन्य प्रकार के मानकों की जांच की गई। जांच के दौरान पहले दिन 5 बसों के दस्तावेज अधूरे मिले जिसपर 14 हजार 300 रुपए का जुर्माना लगाया गया। वहीं टीम द्वारा 21 जून को दोपहर 12:00 से रात्रि 9 बजे तक एवं 22 जून को रात्रि 9 से सुबह 6 बजे तक यात्री परिवहन वाहनों का चेकिंग की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान जिला परिवहन अधिकारी यशवंत यदु, यातायात प्रभारी विमलेश कुमार देवांगन, सउनि अनिल दुबे, प्रधान आरक्षक बूटन सिंह अन्य उपस्थित रहें।

## चोरों ने घर से पार किया बाइक, अपराध दर्ज

**सूरजपुर।** जिला अस्पताल में जनरल सर्जन के पद चिकित्सक की केटीएम बाइक को चोरों ने घर से पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पल्लापलायम थाना चिन्नातारापुरम जिला करूर तमिलनाडु निवासी हरिदेवकुमार के जिला अस्पताल में जनरल सर्जन के पद पर पदस्थ है। 17 जून की रात ड्यूटी करने के पश्चात बाइक क्रमांक टीएन एटी 5225 को वार्ड क्रमांक 9 शिव पार्क कॉलोनी स्थित अपने किराए के मकान में रख कर चला गया। सुबह 8 बजे किराए के मकान में आया तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो बाइक चोरी होने की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई।

## बागेश्वरी देवी लोक न्यास के विकास के लिए ट्रस्ट व अधिकारियों की कलेक्टर ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास कुदरगढ़ के विकास के रोडमैप को लेकर ट्रस्ट व अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

कलेक्टर रोहित व्यास ने श्रद्धालुओं व पर्यटकों के सुविधा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें जल प्रबंधन को लेकर पुख्ता इंतजाम किए जाने के निर्देश पीएचई विभाग को दिए गए। उन्होंने पंप से पानी ऊपर चढ़ने की व्यवस्था और उसके संचालन के लिए एक ऑपरेटर नियुक्त करने तथा बेहतर बिजली प्रबंध के लिए क्रेडा को सोलर स्थापित करने के निर्देश दिए। मंदिर के लिए चढ़ने व उतरने वाले मार्ग में शेड निर्मित कर विश्राम स्थल व पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। साथ ही दर्शन के लिए निर्मित असमतल व अनियमित सीढ़ियों के लेवलिंग, पुराने भवन व दुकानों की मरम्मत, नवीन धर्मशाला व दुकान व मंदिर की चढ़ाई से पूर्व उसके आसपास के क्षेत्र में रोड के दोनों ओर पौधारोपण पर चर्चा की। बैठक में मंदिर के आय और व्यय पर भी चर्चा हुई। जिसमें मां बागेश्वरी देवी लोक न्यास कुदरगढ़ चैत्र नवरात्रि मार्च-अप्रैल में विभिन्न मदों से आय, 2024 में लोक न्यास ट्रस्ट के आय का विवरण व चैत्र नवरात्रि मेला में व्यय की जानकारी प्रस्तुत की गई।

---

## उड़ूमकेला के मोहना डिहारी बस्ती पहुंचे हाथी, आठ घरों को बना दिया खण्डहर

**अम्बिकापुर।** बीती रात हाथियों ने ग्राम उड़ूमकेला के मोहना डिहारी में पूरी रात उत्पात मचाया। हाथियों ने बस्ती के घरों को पूरी तरह से ध्वस्त कर घर में रखे अनाज को खा गए हैं। प्रभावित ग्रामीणों ने गांव के पहाड़ी कोरवा आश्रम में शरण ली है।

विकासखण्ड मैनपाट में हाथियों का दल लगातार तबाही मचा रहा है। अब तक हाथी पहाड़ी क्षेत्र में जंगल से सटे गांवों में तबाही मचा रहे थे लेकिन बुधवार की रात पहली बार ग्राम बरवाली से 3 किमी दूर तराई क्षेत्र की बस्ती ग्राम पंचायत उड़ूमकेला अंतर्गत मोहना डिहारी में पहुंच गए तथा पूरी रात तबाही मचाते रहे। इस दौरान हाथियों ने बारी-बारी से पांच घरों को निशाना बनाया तथा घरों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। हाथियों ने घरों को ढहाने के बाद घर में रखे अनाज को खा गए तथा बर्तन एवं अन्य सामानों को नष्ट कर दिया। पहली बार बस्ती में हाथियों को देखकर ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। किसी तरह ग्रामीण भागकर पहाड़ी कोरवा आश्रम पहुंचे। लोगों द्वारा घरों से भागने के बाद हाथी पूरी रात तबाही मचाते रहे। मोहना डिहारी बस्ती में तोड़फोड़ मचाने के बाद हाथी इमलीटिकरा बस्ती में पहुंचे तथा एक घर को ढहा दिया। हाथियों ने इमली टिकरा निवासी उमेश पिता शिवराम बरगाह एवं मोहना डिहारी निवासी पहाड़ी कोरवा समुदाय के मनमोहन पिता सोहन, मुन्ना पिता सोहन, कोदा पिता पंडरू, सोमारू पिता रोगहा, बाबूलाल पिता पिंगल, रामू पिता चरण, छवना पिता देवराज यादव के घरों को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है।



## पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

पति के आए दिन विवाद करने से परेशान पत्नी ने न सिर्फ सो रहे पति को मौत के घाट उतारी बल्कि घटना को अंजाम देकर फरार हो गई। इधर मामले को गंभीरता से लेते हुए झिलमिली पुलिस ने घटना के 24 घंटे के भीतर ही पति का हत्या करने वाली पत्नी को गिरफ्तार कर लिया।



पुलिस के मुताबिक ग्राम डाला बहरा निवासी विवेक कुमार आ. विश्वनाथ बसोर एक वर्ष पूर्व मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम लालपुर निवासी सोमबाई से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों परिवार से अलग रहने लगे। मंगलवार की रात अपने कमरे में सो रहे थे। इसी बीच देर रात सोमबाई दरवाजा बाहर से बंद कर जाने लगी तभी विवेक का बड़ा भाई नितेश ने सोम बाई को घर से जाते देख घटना की जानकारी पिता विश्वनाथ को दी। परिजन जब विवेक के कमरे का दरवाजा खोलकर अंदर दाखिल हुए तो उनके होश उड़ गए। विवेक बिस्तर में लहूलुहान हालत में मृत पड़ा था। विश्वनाथ ने घटना की रिपोर्ट झिलमिली थाने में दर्ज कराई तथा घर में बहू के नहीं होने पर उस पर हत्या करने का संदेह जताया। रिपोर्ट पर पुलिस ने सोम बाई के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने फरार पत्नी सोमबाई की तलाश शुरू की। इसी बीच पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सोम बाई को कोरिया जिला के बैकुंठपुर से गिरफ्तार किया। पूछताछ में सोम बाई ने पति की हत्या करने की बात कबूल करते हुए पुलिस को बताया कि पति विवेक अक्सर उसके चरित्र पर शंका करता था। मंगलवार की रात भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ तो देर रात सो रहे पति के गर्दन पर टंगिया से वार कर मौत के घाट उतार फरार हो गई। बहरहाल पुलिस ने आरोपी पत्नी के विरूद्ध धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

---

## अनुभवहीन लोगों ने प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था को किया बर्बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश में खराब होती कानून व्यवस्था को लेकर आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी चौक स्थित डाटा सेंटर के सामने धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन उपरान्त कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा।

- कांग्रेस ने आरंग व बलरामपुर जिले में हुई घटनाओं को लेकर किया प्रदर्शन



सभा को सम्बोधित करते हुए ननि सभापति अजय अग्रवाल ने कहा कि 2023 के चुनाव के बाद भाजपा के हाईकमान ने जानबूझकर प्रशासनिक क्रियाकलाप की दृष्टि से अकुशल एवं अनुभवहीन लोगों को प्रदेश की सत्ता सौंप दी और इन अनुभवहीन लोगों ने प्रदेश के समूचे प्रशासनिक व्यवस्था को 6 माह में ही बर्बाद कर दिया है। श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद ने कहा कि अकुशल एवं अनुभवहीन राजनैतिक नेतृत्व के कारण प्रशासनिक तंत्र बेलगाम हो गया है। इसके कारण प्रदेश में कानून व्यवस्था के साथ ही पूरा का पूरा प्रशासनिक ढांचा ध्वस्त हो गया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश गुप्ता ने कहा कि पूरे प्रदेश के साथ ही सरगुजा संभाग में भी लगातार ऐसी खबरें आ रही हैं जिससे कानून-व्यवस्था की स्थिति पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो रहा है। आमजन में यह भावना आ रही है कि अब अपनी सुरक्षा स्वयं करनी पडेगी। आम लोगों की यह सोच प्रदेश की नई सरकार में उनके समाप्त हो रहे विश्वास का प्रमाण है। धरना-प्रदर्शन को महापौर डॉ. अजय तिर्की, पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा और मो इस्लाम ने भी संबोधित किया। धरना प्रदर्शन के कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है। कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से भी आरोप लगाया कि आरंग में अज्ञात लोगों के द्वारा एक ट्रक में मवेशी लेकर जा रहे अल्पसंख्यक समुदाय के तीन लोगों की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी थी। घटना के 15 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपियों को ढूंढ पाने में नाकाम रही है। पुलिस द्वारा इस मामले में भारतीय दण्ड विधान की धारा 304 आरोपित की गई है, जबकि मामला हत्या का है और इस मामले में भारतीय दण्ड विधान की धारा 302 आरोपित होनी थी। ऐसे में घटना की विवेचना को लेकर पुलिस की मंशा भी संदेह के घेरे में है। इसी प्रकार से बलरामपुर जिले में सुजीत सोनी एवं एक अन्य महिला का शव संदेहास्पद स्थिति में बरामद हुआ। मौके की परिस्थितियों के आधार पर प्रारंभ में यह अनुमान लगाया गया था कि मामला हत्या का है, किंतु बाद की विवेचना में पुलिस ने करंट लगने से मौत की बात कही। स्थानीय लोग पुलिस के इस तर्क को मानने से इंकार कर रहे हैं और इस घटना की उचित जांच को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। कार्यक्रम में राजीव प्रताप सिंह, रशीद अहमद, दुर्गेश गुप्ता, इम्तेयाज जफर, अशफाक अली, अनूप मेहता, गुरप्रीत सिद्धू, नरेन्द्र विश्वकर्मा, चंद्रप्रकाश सिंह, जीवन यादव, हिमांशु जायसवाल, गीता रजक, मो0 अशफाक, हसन खान, नसीम खान, अमित तिवारी राजा, सुदामा कुर्रे, बाबर खान, कलीम अंसारी, काजू खान, शुभम जायसवाल, अविनाश कुमार, नितिश चौरसिया, निकी खान आदि उपस्थित थे।

## आईजी ने 29 कर्मियों का बदला जिला, स्थानांतरण सूची जारी

**अंबिकापुर।** सरगुजा रेंज के आईजी अंकित गर्ग ने बुधवार को जिलों में लम्बे समय से जमे हुए पुलिसकर्मियों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। आईजी द्वारा रेंज के विभिन्न थानों में पदस्थ 9 एएसआई, 3 प्रधान आरक्षक, 17 आरक्षकों को एक जिले से दूसरे जिले में स्थानांतरित किया है।

आईजी द्वारा जारी निर्देश के तहत सउनि हीरालाल बाघव को जशपुर से सूरजपुर, सउनि धनंजय पाठक को सूरजपुर से एमसीबी, सुनील सिंह को सूरजपुर से एमसीबी, केश्वर राम मरावी को एमसीबी से सूरजपुर, गौटिया राम मरावी को एमसीबी से बलरामपुर, कृष्णा सिंह को एमसीबी से बलरामपुर, चित्रभान सिंह बलरामपुर से एमसीबी, अभिषेक पांडेय को सरगुजा से एमसीबी, राजाराम को बलरामपुर से सूरजपुर स्थानांतरित किया गया है। इसके साथ ही प्रधान आरक्षक संजय निकुंज को जशपुर से एमसीबी, सुरेश गौड़ को एमसीबी से जशपुर, विवेकमणी तिवारी को बलरामपुर से एमसीबी जिला भेजा गया है। आईजी द्वारा आरक्षक श्याम सुंदर सोनी को सूरजपुर से जशपुर, प्रमोद रौतिया को जशपुर से एमसीबी, शैलेन्द्र सिंह को जशपुर से एमसीबी, दिनेश्वर यादव को जशपुर से एमसीबी, सुरेंद्र कुमार यादव को जशपुर से कोरिया, कुलेन्द्र राम को जशपुर से कोरिया, सन्तु राम यादव को जशपुर से सूरजपुर, जसप्रीत सिंह सैनी को एमसीबी से बलरामपुर, अंबुज कुमार सिंह को एमसीबी से जशपुर, वसीम रजा को कोरिया से बलरामपुर, जुगेश जायसवाल को बलरामपुर से एमसीबी, दुर्योधन सिंह को बलरामपुर से जशपुर, अभय चौबे को सरगुजा से जशपुर, उपेंद्र सिंह को सरगुजा से जशपुर, रुपेश गुप्ता को बलरामपुर से एमसीबी, शिवपूजन सिंह को बलरामपुर से जशपुर, अंकित जायसवाल को बलरामपुर से कोरिया भेजा गया है।



# 'उसने मेरी जिंदगी बदल दी' : करण

**नई दिल्ली।** करण सिंह ग्रोवर बॉलीवुड में आने से पहले टीवी की दुनिया के चहेते सितारे थे। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत सुपरहिट टीवी सीरियल 'दिल मिल गए'से किया था। इसके बाद 'कबूल है'जैसे हिट शो में काम कर दर्शकों पर छा गए थे। उन्होंने अपने करियर में तीन बार शादी रचाई है। उनकी तीसरी शादी बिपाशा बसु संग हुई है। 2016 में इन्होंने धूमधाम से शादी की और आज कपल एक बेटी 'देवी' के माता-पिता हैं। अब शादी और पिता बनने के बाद करण ने अपनी लाइफ को लेकर बातें की। उन्होंने बताया कि बिपाशा ने उनकी लाइफ बदल दी। वह इसके लिए उनके शुक्रगुजार हैं।

## लाइफ Style

# स्वरा
## छलका दर्द: 'मैं अछूत हूं...वे डरते हैं'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

स्वरा भास्कर का कहना है कि वह फैंस के लिए बेबाक हैं, उनका दिल काफी साफ सुधरा है। लेकिन बॉलीवुड उन्हें 'अछूत' मानता है। जब वह अपने मन की बात करती हैं तो उन्हें उसका भारी खमियाजा भी भुगतना पड़ता है। उनके हाथ में आए प्रोजेक्ट उनके हाथ से छीन लिया जाता है। उनका नाम सुनते ही स्टूडियो वाले फिल्मों में लेने से मना कर देते हैं।

हाल ही में स्वरा भास्कर ने कहा कि उनका ट्विटर अकाउंट एक्स उनके लिए सबसे महंगी चीज़ है, क्योंकि इसकी वजह से उनका करियर बर्बाद हो गया। उनका कहना है कि अब फिल्म इंडस्ट्री में कोई भी उन्हें कास्ट नहीं करना चाहता। विवाद के डर से, भले ही वे ' स्वरा भास्कर जैसी अदाकारा' चाहते हों। उन्होंने यह भी बताया कि उनके चाहने वालों का मानना है कि 'उन्होंने खुद ही अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार ली' और अपना करियर 'तबाह' कर लिया। स्वरा ने कहा कि जब लोग उन्हें सड़कों पर रोकते हैं या एयरपोर्ट पर उनसे बात करते हैं तो बहुत से लोग उनका समर्थन करते हैं और वह उस समर्थन से ताकत पाती हैं। हालांकि बहुत से लोग हैं, जिनमें से कुछ उनके शुभचिंतक भी हैं, जो महसूस करते हैं कि उन्होंने खुद ही अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मार ली है। स्वरा आगे कहती हैं- बहुत से लोग हैं जो कहते रहते हैं कि 'तुमने गलत काम किया है, तुमने अपना करियर बर्बाद कर लिया, तुमने ऐसा क्यों किया? यह तुम्हारी बहुत बड़ी बेवकूफी थी', जिसमें आपकी अपनी टीम भी शामिल होती है। जो लोग आपसे प्यार करते हैं और वे चिंता की जगह से आते हैं। वे आपके शुभचिंतक हैं इसलिए उन्हें आपको देखकर बुरा लग रहा है।



## हॉलीवुड मसाला



# थिएटर में शो के दौरान गिरे

**लॉस एंजिलिस।** इयान मैकेलेन को हॉलीवुड के प्रॉमिनेंट एक्टर्स में से गिना जाता है। वे 6 दशक से फिल्में कर रहे हैं। हाल ही में एक थिएटर में प्ले के दौरान एक्टर स्टेज पर गिर गए जिसके बाद उन्हें अस्पताल में एडमिट कराया गया और शो को बीच में ही बंद कर दिया गया। एक्टर 85 साल के हैं और फिलहाल उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। एक्टर की हेल्थ को लेकर अपडेट भी आ गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो एक्टर थिएटर में एक फाइट सीन कर रहे थे।



# अमेरिका में रिलीज होगी 'मेगालोपोलिस'

**लॉस एंजिलिस।** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लायंसगेट और फिल्म की निर्माता कंपनी के बीच यह वितरण सौदा हुआ है। निर्देशक फ्रांसिस फोर्ड कोपोला ही इस फिल्म के निर्माता भी हैं। फिल्म अमेरिकन जोएट्रोप के बैनर तले बनी है। दिलचस्प बात यह है कि लायंसगेट की एक और फिल्म उसी दिन रिलीज होने वाली है। इस हॉरर फिल्म का नाम नेवर लेट गो है। वहीं, यूनिवर्सल द वाइल्ट रोबोट और पैरामाउंट इंटरस्टेलर की दसवीं सालगिरह पर इसे दोबारा रिलीज करने जा रही है। स्टूडियो पहले से ही कोपोला के अमेरिकन जोएट्रोप बैनर के साथ व्यापारिक रिश्ते रहे हैं। स्टूडियो ने फिल्मकार की कई फिल्मों के डायरेक्टर्स कट जैसे एपोकैलिप्स नाउ फाइनल कट, द कन्वर्सेशन, द कॉटन क्लब एनकोर, टकरः द मैन एंड हिज ड्रीम, और वन फ्रॉम द हार्टः रिप्राइज को रिलीज किया है।



# अजीज दोस्त ने किया था हेरीफेरी...

**नई दिल्ली।** मार्च 2022 में रिमी सेन ने अपने दोस्त रौनक व्यास के खिलाफ पुलिस में मामला दर्ज कराया था, जिसमें उन पर 4.14 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था। उस समय दायर किए गए कागजात के अनुसार, जतिन व्यास ने रिमी को एलईडी लाइटिंग से जुड़ी अपनी नई फर्म में निवेश करने पर काफी मुनाफा देने का वादा किया था। जब जतिन ने उनकी कॉल का जवाब देना बंद कर दिया और पैसे वापस करने से इनकार कर दिया, तब अभिनेत्री को एहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है। एक इंटरव्यू में रिमी कहा, 'वह एक ठग है। वह किसी शहर में जाकर बस जाएगा और लोढ़ा जैसे बिल्डर की आलीशान रिहायशी सोसायटी में फ्लैट किराए पर लेगा। वह एक शानदार कार खरीदेगा और कुलीन क्लबों और जिम का सदस्य बन जाएगा।



# 175 दिन बाद सेट पर लौटे वरुण तेज

**मुंबई।** अभिनेता वरुण तेज एक बार फिर से फिल्म के सेट पर लौट आए हैं और अपनी नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी खुद वरुण ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी है। उनकी नई फिल्म का नाम 'मटका' है, जिसका निर्देशन करुणा कुमार कर रहे हैं। वरुण तेज ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक फोटो साझा किया है, जिसमें एक शख्स अपने हाथ में पुराने जमाने का एक टेलीफोन पकड़कर खड़ा हुआ है। इसे शेयर करते हुए वरुण तेज ने कैप्शन में लिखा, '175 दिनों के बाद नई ऊर्जा और आकांक्षाओं के साथ सेट पर वापस आ गया हूं। 'मटका' के रेट्रो जादू को जीवंत करने के लिए तैयार हूं!' 'मटका' फिल्म की कास्ट की बात करें तो इसमें वरुण तेज के साथ-साथ मीनाक्षी चौधरी और नोरा फतेही भी अभिनय करती हुई दिखाई देंगी।

## टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से एक और एक्टर होने जा रहा बाहर

**नई दिल्ली।** तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो का हर किरदार घर-घर फेमस है। इस शो को काफी पसंद भी किया जाता है और सालों से यह शो टीवी पर सबका दिल जीत रहा है। हालांकि पिछले कुछ समय से कई पुराने एक्टर्स इस शो को छोड़कर चले गए हैं। शो में टप्पू तो 2 बार बदल ही चुका है, लेकिन अब इस टप्पू सेना के एक और एक्टर के शो छोड़ने की खबर आ रही है जिसे सुनकर फैंस को बड़ा झटका लगेगा। दरअसल, यहां जिसकी बात हो रही है वो है गोली। गोली का किरदार कुश शाह निभा रहे हैं। अब हाल ही में एक फैन ने कुश के साथ फोटो शेयर की सोशल मीडिया पर। फोटो शेयर कर फैन ने बताया कि वह कुश को न्यू यॉर्क में मिला। फैन ने बताया कि कुश ने उन्हें बताया कि उन्होंने शो छोड़ दिया है और न्यू यॉर्क में अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे। इस पोस्ट के वायरल होने के बाद फैंस काफी दुखी हो गए हैं। कोई कमेंट कर रहा है कि गोली को बचपन से देख रहे हैं इस शो में और यहां उसे बड़ा होते हुए देखा है, अगर वह भी चला जाएगा तो मजा नहीं आएगा। कुश का इस शो से जाना सच है कि नहीं यह बात तो खुद कुश और शो के प्रोड्यूसर ही बता सकते हैं।

# कल्पना से परे, रहस्य से घिरा हुआ है इस बार 'बिग बॉस' का सेट...

**मुंबई।** 'बिग बॉस ओटीटी सीजन 3' की धमाकेदार शुरुआत होने वाली है। इस बार सब बदल जाएगा। शो के होस्ट अनिल कपूर हैं और उन्होंने शो में अब तक का सबसे दमदार मजा देने का वादा किया है, जिसके लिए प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। शो 21 जून को जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है, लेकिन उससे पहले प्रशंसकों के लिए खास तोहफा है। 'बिग बॉस ओटीटी 3' के सेट की झलक फैंस को दिखाई गई है, जो बेहद शानदार और हर बार से ज्यादा भव्य है।



# सोनाक्षी की शादी के जश्न में 'मामा' संग हंसते दिखे शत्रुघ्न

**नई दिल्ली।** सोनाक्षी सिन्हा बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के संग शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 23 जून वे मुंबई में शादी करेंगी। इसके साथ ही अटकलें लगाई जा रही हैं कि होने वाली इस शादी में उनके पिता शत्रुघ्न सिन्हा शामिल नहीं होंगे। इतना ही सिन्हा फैमिली से कोई सदस्य इस शादी का हिस्सा नहीं बनेगा।



हालांकि, इन खबरों को खारिज करते हुए सोनाक्षी के 'मामा' पहलाज निल्हानी कहा कि वे अपनी लाडली की शादी में जरूर शामिल होंगे। लगता है कि पहलाज निल्हानी की ये बातें सच साबित हो गई हैं। सोशल मीडिया के जरिए शत्रुघ्न सिन्हा की एक फोटो सामने आई है, जिसमें वे सोनाक्षी के 'मामा'के संग मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। ऐसे में अटकलें लगाई जा रही हैं कि शत्रुघ्न सिन्हा हल्दी कार्यक्रम में मेहमानों के बीच शामिल रहे. फोटो में शत्रुघ्न ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आ रहे हैं। इस फोटो को भारतीय एस प्रधान ने अपने ट्विटर पर शेयर की हैं। उन्होंने इस फोटो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है- दुल्हन के पिता के साथ शत्रुघ्न सिन्हा, और सोनाक्षी के 'मामा' पहलाज निल्हानी से थोड़ी देर पर पहले चैंबर पर मुलाकात हुई। फोटो के आखिरी लाइन में उन्होंने लिखा 'सिन्हा परिवार में जश्न का समय है!' सोनाक्षी-जहिर इकबाल की शादी तैयारियों और विवादों के बीच शत्रुघ्न सिन्हा को पहली बार मुस्कुराते हुए देखा गया है। फोटो में शत्रुघ्न का लुक काफी शानदार दिख रहा है।

# मिर्जापुर 3 का ट्रेलर जारी, दिखेगी छल-कपट की झलक

**मुंबई।** अमेजन प्राइम वीडियो की चर्चित वेब सीरीज 'मिर्जापुर' को दर्शकों ने काफी पसंद किया है। इस शो में नजर आए सभी किरदारों को पसंद करने वाले फैंस की अपनी एक अलग सूची है। फैंस लंबे वक्त से इसके तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे थे। हाल में ही इसके तीसरे सीजन के रिलीज डेट की घोषणा की गई थी, जिसमें बताया गया था कि इसे 5 जुलाई 2024 को रिलीज किया जाएगा। अब सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर फैंस की सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। मिर्जापुर 3 के ट्रेलर को देख दर्शकों को वापस से पुरानी वाइब मिल रही है। ट्रेलर के जबर्दस्त डायलॉग सुन आप सीरीज देखने के लिए और ज्यादा उत्साहित हो जाएंगे। पिछले सीजन के क्लाइमैक्स के बाद तीसरा सीजन उसी कहानी को आगे बढ़ाएगी। पूर्वांचल के अपराध और सत्ता पाने की लालच में सीरीज के सारे कलाकार एक-दूसरे के साथ खून खराबा करते नजर आ रहे हैं।




***सोशल मीडिया पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया :*** सीरीज में गुड्डू पंडित यानी कि अली फजल का डायलॉग लोगों को बताने का, कालीन भैया गॉन और गुड्डू पंडित ऑन। दर्शकों की विशेष सराहना बटोर रहा है। मिर्जापुर की गद्दी पाने की लड़ाई में गुड्डू पंडित कालीन भैया पर भारी पड़ते दिखाई दे रहे हैं। फिल्म के ट्रेलर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, 'मिर्जापुर 3 के ट्रेलर को देख अब सीरीज देखने की चाह बढ़ गई है।' दूसरे यूजर ने लिखा, 'गुड्डू पंडित का भौकाल कायम है। अब कालीन भैया का पलटवार देखने के लिए उत्साहित हूं।'

### इन कलाकारों से सजी है मिर्जापुर 3

'मिर्जापुर' सीरीज में कई नामचीन कलाकार नजर आए हैं। सीरीज में पंकज त्रिपाठी को 'कालीन भैय्या' और अली फजल को 'गुड्डू पंडित' की भूमिका में काफी पसंद किया गया है। इनके अलावा दिव्येंदु शर्मा भी 'मुन्ना त्रिपाठी' के किरदार में सीरीज के पहले दो सीजन के लिए काफी महत्वपूर्ण कड़ी साबित हुए थे। इन कलाकारों के अलावा इस सीजन में श्वेता त्रिपाठी शर्मा, रसिका दुगल, हर्षिता गौर, विजय वर्मा, अंजुम शर्मा, शीबा चड्ढा ,राजेश तैलंग आदि भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## लिस्ट में शाहिद कपूर की दो मूवीज भी शामिल

# शराब और नशे की लत को दर्शाती हैं ये हिंदी फिल्में

***मुंबई।*** *हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के फिल्मकार समाज की अच्छी और बुरी चीजों को अक्सर अपनी फिल्मों के जरिए लोगों के सामने पेश करते हैं। मौजूदा समय में देश में बड़ी संख्या में युवा नशे के आदि बनते जा रहे हैं। बॉलीवुड में भी युवाओं की इस कठोर वास्तविकता को फिल्मों के माध्यम से कई बार दिखाया जा चुका है। आइए ऐसी फिल्मों के बारे में जानते हैं जो इस विषय को सटीक रूप से चित्रित करती हैं।*



**उड़ता पंजाब :** शाहिद कपूर की बेहतरीन फिल्मों में उड़ता पंजाब का नाम भी जरूर शामिल किया जाता है। फिल्म में उनके साथ दिलजीत दोसांझ, अलिया भट्ट और करीना कपूर खान ने भी अहम भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म का निर्देशन अभिषेक चौबे ने किया था। फिल्म में पंजाब के युवाओं में बढ़ते नशीली दवाओं की लत को दिखाने की कोशिश की गई थी। यह फिल्म दर्शकों को खूब पसंद आई थी।

**फैशन :** मधुर भंडारकर के निर्देशन में बनी फिल्म फैशन को दर्शकों ने खूब सराहा था। फिल्म की कहानी फैशन मॉडलों की जिंदगी की कहानी बयां करती नजर आई थी। फैशन इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के नशीली दवाओं के दुरुपयोग और ओवरडोज जैसे नकारात्मक पहलुओं पर इस फिल्म के जरिए प्रकाश डालने की कोशिश की गई थी। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा, कंगना रणौत और मुग्धा गोडसे ने महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई थीं। ओटीटी पर इसे नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर देखा जा सकता है।



**दम मारो दम :** दम मारो दम का निर्देशन रमेश सिप्पी ने किया था। यह फिल्म एक एक्शन थ्रिलर थी। इसकी कहानी ड्रग तस्करों और अंतरराष्ट्रीय अपराधियों की गिरफ्तारी और उसकी जांच पर केंद्रित थी। इस फिल्म में अभिषेक बच्चन, बिपाशा बसु, राणा दग्गुबाती, आदित्य पंचोली, प्रतीक बब्बर और गोविंद नामदेव जैसे कलाकारों ने काम किया था।



**शैतान :** बिजॉय नाम्बियार के निर्देशन में बनी शैतान में राजीव खंडेलवाल, कल्कि केकलां, गुलशन देवैया, शिव पंडित, नील भूपालम, कीर्ति कुल्हारी, रजित कपूर, पवन मल्होत्रा और राजकुमार राव जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों ने अहम भूमिकाएं निभाई थीं। फिल्म की कहानी मादक पदार्थों के सेवन करने वालों के एक समूह की है जो एक हिट-एंड-रन दुर्घटना को छिपाने की कोशिश करते हुए आपराधिक गतिविधियों में उलझ जाते हैं। इसे नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।



**देव डी :** फिल्म देव डी को लोगों ने खूब पसंद किया था। फिल्म में अभय देओल, माही गिल और कल्कि केकलां मुख्य भूमिका में थे। अनुराग कश्यप के निर्देशित में बनी यह फिल्म बंगाली उपन्यास देवदास पर आधारित थी, जिसे नए अंदाज से लोगों के सामने पेश किया गया था। फिल्म में एक युवक को अपने बचपन के प्यार को खोने के बाद ड्रग्स और शराब की लत में पड़ते हुए दिखाया गया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो स्ट्रीम किया जा सकता है।



**कबीर सिंह :** इस लिस्ट में शाहिद कपूर की एक और फिल्म का नाम शामिल है। फिल्म कबीर सिंह ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी। संदीप रेड्डी वंगा ने निर्देशन में बनी इस फिल्म में एक युवक को अपनी प्रेमिका को खोने के बाद शराब का जमकर सेवन करते हुए दिखाया गया था। इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर देखा जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### निगम के सहायक अभियंता उपअभियंता निलंबित

**कोरबा।** आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई ने रिश्वत लेने के आरोपी निगम के सहायक अभियंता डीसी सोनकर एवं उप अभियंता देवेन्द्र स्वर्णकार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। उल्लेखनीय है कि नगर निगम के दर्री जोन कार्यालय में पदस्थ उप अभियंता श्री स्वर्णकार को रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा पकड़ा गया है, वहीं सहायक अभियंता श्री सोनकर की उक्त प्रकरण में संलिप्तता का आरोप है, परिणाम स्वरूप उक्त दोनों अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है।

### कटघोरा न्यायालय में क्लेम प्रकरणों की बैठक 24 को

**कोरबा।** आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय कोरबा एवं तहसील विधिक सेवा समिति कटघोरा, करतला एवं पाली एवं समस्त राजस्व न्यायालयों में लोक अदालत का आयोजन किया जावेगा। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र कुमार साहू के द्वारा शासकीय बीमा कंपनी के शाखा प्रबंधक एवं अधिवक्तागणों की बैठक ली गई। जिसमें निम्नानुसार अधिवक्ता एवं बीमा कंपनी के अधिवक्ता उपस्थित हुये। उक्त बैठक में बीमा कंपनी के वरिष्ठ अधिवक्ता आर.एन राठौर, सुमन तिवारी, एस.के. मोदी, महेन्द्र अग्रवाल एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित हुये। बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं के द्वारा व्यवहार न्यायालय कटघोरा में बैठक आयोजन किये जाने का अनुरोध किये जाने पर बीमा कंपनी के अधिवक्ताओं की बैठक 24 जून को दोपहर 2 बजे व्यवहार न्यायालय कटघोरा जिला कोरबा के विडियों कान्फेसिंग कक्ष में आहूत की जावेगी।

### मृतक के परिजनों से नेता प्रतिपक्ष ने की मुलाकात, जाना हाल चाल

**कोरबा।** करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम कोटमेर में पिछले दिनों कच्ची शराब पीने से एक महिला समेत 3 लोगों की मौत हो गई। जहरीली शराब पीने से श्रीमती मालती बाई 50 वर्ष, राम सिंह 60 वर्ष एवं बेदराम 49 वर्ष की मौत के मामले को गंभीरता से लेते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने मृतक के परिजनों से मुलाकात किया। इस दौरान उन्होंने कहा है कि छत्तीसगढ़ में न आदिवासियों का जंगल बच पा रहा है और न उनकी जान सुरक्षित है। प्रवास के दौरान नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, विधायक फूल सिंह राठिया के साथ ग्राम कोटमेर पहुंच कर मृतक आदिवासी ग्रामीणों के परिजनों व सरपंच, जनपद सदस्य व ग्रामवासियों से मुलाकात की।

### अवैध शराब के खिलाफ मुहिम 230 लीटर महुआ शराब जब्त

**कटघोरा।** अवैध शराब बनाने बेचने वालों के विरुद्ध जिला पुलिस की टीम ने फिर से विशेष मुहीम का आगाज किया है। जहां 20 प्रकरणों में आरोपियों के कब्जे से 230 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर लगातार पुलिस के द्वारा अवैध कारोबार पर ताबड़तोड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को भी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करते हुए अवैध गांजा, शराब एवं नशीली पदार्थ के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया।

## बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर विराम लगाने पुलिस आई एक्शन में

# शराबखोरी रोकने आधा दर्जन ढाबों को पुलिस ने कराया सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पुलिस की टीम जिन मार्गों में हादसे हो रहे हैं। उन मार्गों में संचालित ढाबे जहां ढाबे की आड़ में शराबखोरी हो रही है उनके खिलाफ शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस की टीम ने जिले के आधा दर्जन से अधिक ढाबों को खाद्य विभाग के साथ मिलकर सील करने की कार्रवाई की है।

उल्लेखनीय है कि जिले के कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग सहित कटघोरा-पाली मार्ग सहित अन्य मार्गों में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। जिससे लोग काल कवलित हो रहे हैं। लगातार हादसों ने जिला प्रशासन और पुलिस की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने इन हादसों पर विराम लगाने के लिए व लगातार यातायात पुलिस के साथ सड़कों का उन्होंने निरीक्षण भी किया है और ब्लैक स्पॉटों का चिन्हांकन भी किया है। साथ ही इन इलाकों में जिला पुलिस द्वारा लोगों की मदद के लिए अलग-अलग क्षेत्र में टीम गठित की गई है और पुलिस व प्रशासन के नंबर भी क्षेत्र में सार्वजनिक किए गए हैं। साथ ही हादसा होने पर उस क्षेत्र के ग्रामीणों को एक मित्र दल के रूप में उतारा भी गया है कि हादसा होने पर उन्हें फर्स्ट एड रूप में पहले क्या करना है फिर उन्हें किसको इसकी सूचना देनी है इस तरह की कार्रवाई की जा रही है।



ढाबा पर कार्रवाई करती पुलिस व खाद्य विभाग की टीम।

वहीं दूसरी ओर खासतौर पर कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग और कटघोरा-पाली मुख्य मार्ग में पाया गया कि लोग ढाबे की आड़ में शराबखोरी कर रहे हैं और शराब पीकर वाहनों को तेज गति से दौड़ा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के संज्ञान में जब मामला सामने आया तो उन्होंने संबंधित पुलिस थाना प्रभारी व खाद्य विभाग की एक संयुक्त टीम को क्षेत्र में निरीक्षण के लिए भेजा गया था। जहां इस तरह की शराबखोरी के मामले ढाबे में पाए गए थे। जहां बांकीमोगरा क्षेत्र और कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग और कटघोरा-पाली मुख्य मार्ग में लगभग आधा दर्जन से अधिक ढाबे जहां शराबखोरी किए जा रहे थे उनको सील करने की कार्रवाई की गई है। पुलिस की कार्यवाही से ढाबे में शराब बेचने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

### ऑटो चालकों पर कब कसेगा शिकंजा

जिला पुलिस व यातायात पुलिस द्वारा लगातार शराबी चालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। निश्चित तौर पर इस कार्रवाई से हादसों पर विराम लगेगा लेकिन वहीं दूसरी ओर शहर व जिले के अलग-अलग क्षेत्र में ऑटो धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। बताया जाता है कि ऑटो चालक देर शाम को शराब के नशे में धुत्त होकर वाहनों को दौड़ते हैं। लगातार इस तरह की कई बार शिकायत भी सामने आई है लेकिन यातायात पुलिस व जिला पुलिस द्वारा ऑटो चालकों के खिलाफ शराब मापक यंत्र से कार्रवाई नहीं होने से इनके हौसले बुलंद है और खासतौर पर रेलवे स्टेशन और पुराना बस स्टैंड में इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। जिला पुलिस प्रशासन को ऑटो चालकों के खिलाफ भी सख्ती से शराब के खिलाफ कार्रवाई करना चाहिए।

### डीजल से भरा टैंकर पलटा

अंबिकापुर-कटघोरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार की सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। इस हादसे में अंबिकापुर की ओर से आ रही डीजल से भरी टैंकर महानदी पुल से पहले ढलान पर पलट गई, जिससे सड़क किनारे लगी रेलिंग केबिन में घुस गई। वहीं टैंकर में भरा डीजल भी सड़क पर बह गया। इस हादसे में ट्रक चालक को चोट आई है, जिसे अस्पताल ले जाया गया है। घटना का सुखद पहलू यह रहा कि हादसे के समय आसपास कोई अन्य वाहन नहीं गुजर रही थी अन्यथा डीजल टैंकर की चपेट में आने से बड़ी अनहोनी हो सकती थी।



सम्मानित हुए विद्यार्थी।

## बोर्ड परीक्षा के मेधावी विद्यार्थी हुए सम्मानित

**बैकुण्ठपुर।** बोर्ड की परीक्षा में उत्कृष्ठ अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिशुनपुर में अध्यनरत कक्षा 12 वीं के मेधावी विद्यार्थी कुमारी राखी पाण्डेय, आर्ची राजवाड़े, कृति राजवाड़े, विद्या राजवाड़े, सुषमा राजवाड़े, रोशनी राजवाड़े एवं कक्षा 10 वीं के मेधावी विद्यार्थी कुमारी खुशबू राजवाड़े, श्रद्धा राजवाड़े,पुष्पा राजवाड़े, ज्योति टांडे, जिया राजवाड़े, पियूष राजवाड़े को मेडल पहनाकर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईसेक्ट कॉलेज ऑफ कम्प्यूटर एजुकेशन के डायरेक्टर एवं राष्टीय स्वयंसेवक संघ के नगर संघ चालक नरेश सोनी ने बच्चों को पढ़ाई में एकाग्रता के साथ अनुशासन और नैतिकता की शिक्षा दी और कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को प्रोत्साहन करने का ऐसा कार्यक्रम अन्य गांवों के लिए अनुकरणीय है, साथ ही उन्होंने नशामुक्ति के लिए बच्चों को जागरूक किया। कार्यक्रम में सेवा समिति के संरक्षक एवं पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीरबल राम राजवाड़े, पूर्व एसईसीएल कर्मी शिव प्रसाद राजवाड़े, सेवा समिति के सह संरक्षक रामफल राजवाड़े व्याख्याता, वाणिज्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारा, समिति के अध्यक्ष रामजतन राजवाड़े, कार्यकारी अध्यक्ष नेतलाल राजवाड़े, समिति के उपाध्यक्ष प्रशांत कुमार राजवाड़े, रामकुमार राजवाड़े, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र राजवाड़े, सह कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र राजवाड़े, सचिव गणेश राजवाड़े, कार्यक्रम संयोजक मनोज राजवाड़े, अजय राजवाड़े, रविशंकर राजवाड़े, प्रदीप खांडे, शेखर राजवाड़े, सनी राजवाड़े एवं सेवा समिति के सदस्य एवं काफी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अवैध लकड़ी जब्त होने पर सील होगी आरा मिल

**मनेन्द्रगढ़।** वनमंडलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ मनीष कश्यप द्वारा अवैध रूप से लकड़ी कटाई एवं तस्करी करने के मामले पर अंकुश लगाने के लिए समस्त वन परिक्षेत्राधिकारी को निर्देशित किया गया था। इसी कड़ी में डीएफओ मनेन्द्रगढ़ से प्राप्त निर्देशों का पालन करते हुए वन परिक्षेत्राधिकारी बिहारपुर एवं वन परिक्षेत्राधिकारी मनेन्द्रगढ़ ने संयुक्त रूप से टीम गठित कर उजियारपुर में भारी मात्रा में अवैध रूप से रखी गई लकड़ी को जब्त करने में सफलता हासिल की है।



इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार कई दिनों से अवैध लकड़ी कटाई और तस्करी की सूचना वन विभाग को मिल रही थी। बुधवार की सुबह वनमंडल अधिकारी को मुखबीर से सूचना मिली कि उजियारपुर के कुछ घरों में भारी मात्रा में लकड़ी रखी गई है। तत्काल इसके लिए बिहारपुर और मनेन्द्रगढ़ रेंज के स्टाफ की जॉइंट टीम बनाई गई और संबंधित घरों में छापामार कार्रवाई हुई। इसमें काफी मात्रा में लकड़ी बरामद हुई है। जब्त सागौन 2 घनमीटर है। सभी लकड़ी फर्नीचर मार्ट में उपयोग के लिए रखी गई थी। ग्राम पंचायत उजियारपुर के फर्नीचर कांट्रेक्टर के घर पर छापा मारकर यह कार्रवाई की गई है। इस पूरे मामले में तीन-चार घरों में कार्रवाई हुई। इसमें कई इमारती लकड़ी समेत सागौन की बल्ली काफी संख्या में मिली है और आरा भी मिला है। डीएफओ श्री कश्यप ने बताया कि आगे की कार्रवाई जारी है और जल्द ही आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा जाएगा, इसके अतिरिक्त फर्नीचर मार्ट भी सील करने की कार्रवाई की जाएगी। एक बड़े रैकेट का भांडाफोड़ हुआ है। कागजी कार्रवाई और जांच के बाद अवैध कटाई को रोकने अभी और भी आरोपियों की पहचान की जाएगी और कई फर्नीचर मार्ट भी सील किए जाएंगे।

## फुहारा चौक पर पसरी गंदगी, लोग हलाकान

**मनेन्द्रगढ़।** शहर का हृदय स्थल कहे जाने वाला फुहारा चौक लंबे समय से गंदगी का पर्याय बना हुआ है। पूरी गर्मी बीत गई मगर एक भी दिन फुहारा चालू नहीं किया गया, इसे लेकर आम लोगों में शहर सरकार के प्रति काफी आक्रोश है, वहीं रही-सही कसर आसपास के दुकानदार पूरी कर देते हैं, जो अपने दुकान का कचरा फुहारा के पास लाकर डंप कर देते हैं, इसे खाने के लिए मवेशियों का जमावड़ा जमा रहता है।

■ व्यापारी और राहगीर परेशान, नपा बेपरवाह

कहने को तो फुहारा चौक शहर का हृदय स्थल है, लेकिन गंदगी इतनी है कि लोगों को यहां से गुजरते समय नाक बंद करना पड़ता है। लंबे समय से इस फवारा चौक के रख-रखाव की मांग की जाती रही है, लेकिन पता नहीं क्यों शहर सरकार इस मामले में उदासीन बनी हुई है। शहर के वार्ड नंबर-12 में स्थित इस फुहारा में पिछले कई दिनों से सफाई नहीं कराई गई है, इससे हर तरफ कचरा नजर आ रहा है, इससे चारों तरफ गंदगी पसरी हुई है। वहीं चौक-चौराहे में गंदगी से लोग परेशान हैं। वार्डवासियों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। यहां सफाई के नाम पर हर महीने लाखों रूपए खर्च किए जा रहे हैं। केन्द्र सरकारी की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन योजना की स्थिति नगर पालिका में बहुत खराब है। जय स्तंभ, फुहारा चौक समेत कई चौक-चौराहे के पास कचरे का ढेर हैं। यहां गलियों से लेकर आम रास्तों पर गंदगी पसरी हुई है। यहां के लोग गंदगी से परेशान हैं। अधिकारियों का दावा है कि व सफाई कर्मी रोजाना कचरा साफ करने के लिए जाते हैं। वार्डवासियों का कहना है कि गंदगी की वजह से फुहारा चौक से गुजरना मुश्किल हो गया है। मूंह पर कपड़ा बांधकर वहां से गुजरना पड़ता है। सुरेश कुमार का कहना है कि ठीक चौराहे में कचरा डंप करने के कारण हालत खराब है। इस कारण से यहां से आना-जाना बंद हो गया है। गंदगी के चलते मच्छर पनप रहे हैं। सफाई के नाम पर हजारों रूपए खर्च कर रहे हैं, बावजूद इसके कही भी सफाई नजर नहीं आती है।




## कुंआभट्ठा बस्ती में मकानों को तोड़ने पहुंची टीम लौटी वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बुधवारी बाय पास में कुआं भट्ठा नामक बस्ती बसी हुई है जहां 40 परिवार निवास करते हैं। उक्त 40 परिवार की जमीन को एक निजी कंपनी अपना बता रही है और न्यायालय के आदेश पर प्रशासन और पुलिस उक्त मकानों को तोड़ने के लिए पहुंची थी जहां बस्तीवासियों के आक्रोश के सामने प्रशासन की एक न चली और प्रशासन को उल्टे पांव लौटना पड़ा। बताया जाता है कि प्रशासन दो तीन दिनों के भीतर फिर से वहां मौके पर मकानों को तोड़ने के लिए फिर से पहुंचेगी ऐसा बस्तीवासियों का कहना है।



विरोध प्रदर्शन करते बस्तीवासी।

जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 25 कुंआभट्ठा बस्ती में 40 से अधिक लोगों को हटाने के लिए सुपर डेवलपर्स नामक कंपनी के लोगों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय से अवैध कब्जा हटाने के आदेश पर अमल कराने एसडीएम तहसीलदार और पुलिस के अधिकारी व जवान गुरुवार की दोपहर जब मौके पर पहुंचे, तो बस्ती वालों ने उनका विरोध प्रारंभ कर दिया। जिसके बाद प्रशासन की टीम मौके से वापस लौट गई। वार्ड क्रमांक 25 के पार्षद शैलेंद्र सिंह ऊर्फ बप्पी ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि सुपर डेवलपर नामक कंपनी कुंआभट्ठा की जमीन को अपना बता रहे हैं जहां उनके द्वारा उक्त जमीन को अपना बताया जा रहा है साथ हाईकोर्ट के आदेश की बात भी कही गई लेकिन प्रशासन ने उन्हें कोई भी आदेश नहीं दिखाया। उक्त जमीन में लोग काफी लंबे समय से बसे हुए हैं। उनके पास पूर्ववर्ती सरकारों का जमीन भी है और उक्त जमीन शासकीय है। हालांकि विरोध के बाद प्रशासन और पुलिस की टीम वापस लौट गई है लेकिन उन्होंने फिर से दो दिनों के बाद मौके पर कार्यवाही की बात कही है।

## पीएम रिपोर्ट में मौत के कारणों का नहीं हुआ खुलासा, एफएसएल भेजा गया जांच के लिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम कोटमेर में दो दिनों पूर्व शराब पीने से एक महिला सहित तीन लोगों की मौत हो गई थी। चिकित्सक द्वारा दिए गए पीएम रिपोर्ट में मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। घटनास्थल से जप्त की चावल, मछली, शराब व गिलास की जप्ती बनाकर पुलिस ने एफएसएल बिलासपुर को जांच के लिए भेजा है।

ज्ञात रहे कि करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटमेर निवासी चैतराम अपने किसी काम से 18 जून को करतला गया हुआ था। जहां से कम निपटाकर चैतराम दोपहर लगभग 12 बजे अपने घर कोटमेर पहुंचा तो उसने देखा कि उसके घर में उसकी पत्नी मालती कंवर 50 वर्ष व उसके पड़ोसी बेदराम राठिया 50 वर्ष पिता मुखीराम राठिया व राम सिंह 60 वर्ष पिता नानहीं राम मृत अवस्था में पड़े हुए थे। जहां परिजनों की सूचना पर पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां चिकित्सक द्वारा पीएम रिपोर्ट दे दिया गया है लेकिन उसमें मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। करतला थाना में पदस्थ एएसआई मोतीलाल डडसेना ने बताया कि पीएम रिपोर्ट में मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। घटनास्थल से पुलिस को शराब की पॉलिथीन, मछली, चावल सहित अन्य सामग्रियां मिली थी और पुलिस ने उसे जप्त किया था। मृतकों के बिसरा व जप्त की गई सामग्रियों को जांच के लिए एफएसएल बिलासपुर भेजा गया है।

**खास बात**

■ शराब पीने से महिला सहित तीन की मौत का मामला

## एमआईसी की बैठक में नगर विकास से जुड़े प्रस्तावों को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम की मेयर इन काउंसिल द्वारा नगर के विकास, नागरिक सुविधाओं व सेवाओं तथा निगम के अन्य विभिन्न कार्यो से जुडे.विविध प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में लगभग 3 दर्जन प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिन पर विस्तार से चर्चा हुई तथा प्रस्तावों पर यथा उचित आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान महापौर ने निगम के विकास व निर्माण कार्यो नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुडे.कार्यो की विस्तार से समीक्षा भी की।

■ महापौर और निगम आयुक्त की उपस्थिति में हुई एमआईसी की बैठक

महापौर राजकिशोर प्रसाद की अध्यक्षता व आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई की विशेष उपस्थिति में बुधवार को मेयर इन काउंसिल की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कोरबा, बालको, टीपी नगर, दर्री, कोसाबाड़ी, सर्वमंगला एवं रविशंकर नगर जोन के 4 दर्जन से अधिक वार्डो की सफाई व्यवस्था कार्य, टीपी नगर क्षेत्र में रोड निर्माण, निगम क्षेत्र के उद्यानों के संधारण कार्य, निगम के पानी टैंकरों व विभिन्न वाहनों के संचालन हेतु आवश्यक मानव संसाधन से जुडे. प्रस्तावों, निगम में नए पदों के सृजन, विभिन्न सामग्रियों की खरीदी व मरम्मत कार्यो से जुडे. प्रस्तावों, कोरबा हाउसिंग बोर्ड कालोनी व मानिकपुर उप क्षेत्र में पाईप लाईन बिछाने से जुडे.कार्यो, विघटित साडा एवं वर्तमान में नगर निगम द्वारा विभिन्न योजनांतर्गत लीज पर आबंटित भूखण्डों के भू-भाटक से जुडे. प्रस्ताव सहित अन्य प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए, जिन पर विस्तार से चर्चा उपरांत मेयर इन काउंसिल द्वारा सर्वसम्मति से आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में महापौर राजकिशोर प्रसाद ने निगम द्वारा किए जा रहे विभिन्न विकास व निर्माण कार्यो, नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुडे. कार्यों की जोनवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न मदां के अंतर्गत प्रगतिरत, प्रस्तावित व स्वीकृत निर्माण कार्यों की कार्यप्रगति की मदवार समीक्षा की, प्रगतिरत कार्या को समयसीमा में पूरा करने, प्रस्तावित व स्वीकृत कार्यों की निविदा प्रक्रिया नियमानुसार पूर्ण कर कार्यों को प्रारंभ कराने तथा नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़ कार्यों को सर्वप्राथमिकता के साथ संपादित किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक मेयर इन काउंसिल सदस्य संतोष राठौर, कृपाराम साहू, बसंत चन्द्रा, प्रदीपराय जायसवाल, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता एमके वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।






